UNIVERSITY NEWS 09 APRIL 2026

HINDUSTAN

एलयू में अनंतिम परीक्षा कार्यक्रम जारी

लखनऊ, संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय में सम सेमेस्टर परीक्षा के तहत स्नातक स्तर के बीए, बीएससी और बीकॉम पाठ्यक्रमों के चतुर्थ व छठे सेमेस्टर का अनंतिम परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। जिसे विद्यार्थी एलयू की वेबसाइट पर जाकर परीक्षा सेक्शन में जाकर देख सकते हैं। इस बाबत परीक्षा नियंत्रक की ओर से सूचना भी जारी कर दी गई है।

परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी का कहना है कि बीएससी छठे सेमेस्टर की 29 अप्रैल से 29 मई व चतुर्थ सेमेस्टर की 28 अप्रैल से 23 मई, बीकॉम न्यू व ओल्ड छठे सेमेस्टर की परीक्षा 29 अप्रैल से 13 मई व चतुर्थ सेमेस्टर की 30 अप्रैल से 12 मई और बीए छठे सेमेस्टर की 28 अप्रैल से नौ जून व चतुर्थ की 28 अप्रैल से 25 मई तक प्रस्तावित है।

नवयुग, खुन खुन जी गर्ल्स में आवेदन शुरू

नवयुग कन्या महाविद्यालय और खुन खुन जी गर्ल्स पीजी कॉलेज में ऑनलाइन एवं ऑफलाइन आवेदन मांगे हैं। नवयुग की प्राचार्या प्रो. मंजुला उपाध्याय ने बताया कि 12वीं की मेरिट के आधार पर प्रवेश दिया जाएगा। ऑनलाइन आवेदन शुल्क 900 है। खुन खुन जी गर्ल्स की प्राचार्या प्रो. अंशु केडिया का कहना है कि शुल्क 500 है।

11 छात्रों ने जीपैट परीक्षा पास की

एलयू में इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्युटिकल साइंसेज के 11 छात्रों ने ग्रेजुएट फार्मेसी एप्टीट्यूड टेस्ट (जीपैट) में सफलता प्राप्त की है। इसमें अमरेंद्र मौर्या की एआईआर 281, कृति सिंह 349, कबीर की 605 आई है।

HINDUSTAN

धमाकेदार प्रदर्शन से इंडिया इलेवन ने जीता एलयू कप

खिताब

लखनऊ, संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय के परांजपे पवेलियन ग्राउंड में ऐतिहासिक क्रिकेट टर्फ विकेट के उद्घाटन के साथ ही एलयू कप क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजित किया गया। फाइनल मुकाबले में इंडिया इलेवन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए लखनऊ विश्वविद्यालय की टीम को हराकर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। खिताबी भिड़ंत इंडिया इलेवन और लखनऊ विश्वविद्यालय के बीच हुई। विश्वविद्यालयने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 15 ओवरों में विपक्षी टीम के सामने 65 रनों का लक्ष्य रखा। जवाब में उतरी इंडिया इलेवन ने 14वें ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर जीत दर्ज की। मोहम्मद हदीन को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ कुलपति प्रो. जय प्रकाश सैनी ने किया। इस मौके पर डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. अमिता कन्नौजिया, क्रीड़ा परिषद के कोषाध्यक्ष डॉ नागेंद्र मौर्य, क्रिकेट क्लब प्रेसिडेंट डॉ. यसए अल्वी, प्रो. अरविंद मोहन, क्रीड़ा परिषद के मार्शल प्रो. राजेश्वर यादव, डॉ. श्यामकिशोर, प्रो. ओपी शुक्ला, प्रो. मोनिषा बनर्जी उपस्थिति रहे। इस कार्यक्रम के गेस्ट ऑफ हॉनर के रूप में पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खिलाड़ी ज्ञानेंद्र पांडे एवं उबैद कमाल उपस्थिति रहे। उबैद कमाल ने कहा कि एलयू में क्रिकेट की टर्फ विकेट बनना एक बड़ी उपलब्धि है। पूर्व अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी ज्ञानेंद्र पांडेय ने कहा इस ग्राउंड पर आकर हमारे बचपन की यादें ताजा हो गई। पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर ज्ञानेंद्र पांडे और उबैद कमाल ने विजेताओं को पुरस्कृत किया।

इंडिया इलेवन की विजयी टीम के साथ एलयू के पदाधिकारी एवं अन्य अतिथि।

AMAR UJALA

लविवि हारा, इंडिया इलेवन बना चैंपियन

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के परांजपे पवेलियन ग्राउंड में एलयू कप क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजित किया गया। फाइनल मुकाबले में इंडिया इलेवन ने लखनऊ विश्वविद्यालय की टीम को हराकर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया।

एलयू कप क्रिकेट टूर्नामेंट

विश्वविद्यालय की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 15 ओवरों में विपक्षी टीम के सामने 65 रनों का लक्ष्य रखा। जवाब में उतरी इंडिया इलेवन ने 14वें ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर जीत दर्ज की। मोहम्मद हदीन को मैन ऑफ द मैच चुना गया। इससे पूर्व प्रतियोगिता का शुभारंभ कुलपति प्रो. जय प्रकाश सैनी ने किया। पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खिलाड़ी ज्ञानेंद्र पांडेय और उबैद कमाल ने विजेता और उपविजेता टीमों को पुरस्कृत किया। पर नैतिक कुमार को प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का खिताब दिया गया। इसके अलावा लकी को सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज, मनन कांडपाल को क्षेत्ररक्षक और आयुष सिंह को विकेटकीपर बने।

क्रीड़ा परिषद के महासचिव प्रो. अजय कुमार आर्या ने बताया कि लखनऊ विश्वविद्यालय स्थित परांजपे पवेलियन ग्राउंड के तीन टर्फ विकेट पर कई बड़े मुकाबले खेले गए हैं। (माई सिटी रिपोर्टर)

AMRIT VICHAR

लविवि ने जारी किया परीक्षा कार्यक्रम

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय से सहयुक्त महाविद्यालयों की सम सेमेस्टर-2026 की (बीए, बीएससी, बीकाम चतुर्थ एवं छठा सेमेस्टर) की परीक्षाओं का अनन्तिम परीक्षा कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है। विस्तृत परीक्षा कार्यक्रम लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.lkouniv.ac.in उपलब्ध है। परीक्षा कार्यक्रम के सम्बन्ध में कोई सुझाव देना हो तो 13 अप्रैल को शाम 5 बजे तक परीक्षा नियंत्रक की ईमेल coe<bha>@</bha>lkouniv.ac.in अथवा व्हाट्सअप नंबर 7991200506 पर दिया जा सकता है।

जीपैट में लविवि के 11 छात्र सफल

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्युटिकल साइंसेज के 11 छात्र जीपैट (ग्रेजूएट फार्मेसी एप्टीट्यूड टेस्ट) 2026 में सफल रहे है। जिनमें अमरेंद्र मौर्या, (ऑल इंडिया रैंक 281), क्रति सिंह (ऑल इंडिया रैंक 349), कबीर (ऑल इंडिया रैंक 605), शिवानी मौर्या (ऑल इंडिया रैंक 713), अमृता सिंह (ऑल इंडिया रैंक 790), अंकिता यादव (ऑल इंडिया रैंक 1607), आकृति श्रीवास्तव (ऑल इंडिया रैंक 1993), प्रीति यादव (ऑल इंडिया रैंक 2589), दीपाली सिंह (ऑल इंडिया रैंक 2597), अनिकेश सिंह बघेल (ऑल इंडिया रैंक 3423), प्राची जायसवाल (ऑल इंडिया रैंक 4213) शामिल है। जीपैट (ग्रैजूएट फार्मेसी एप्टीट्यूड टेस्ट) एक राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा है।

DAINIK JAGRAN

इंडिया इलेवन बना एलयू कप 2026 का विजेता

जासं • लखनऊ : लवि में चल रहे एलयू कप-2026 टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला बुधवार को इंडिया इलेवन व लवि टीम के बीच खेला गया। लखनऊ विश्वविद्यालय की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 15 ओवरों में 65 रनों के लक्ष्य दिया, जिसके जवाब में इंडिया इलेवन ने 14 ओवर में लक्ष्य हासिल कर कप अपने नाम किया। एलयू कप -2026 के प्लेयर आफ द टूर्नामेंट का अवार्ड नैतिक कुमार को मिला।

बेस्ट फील्डर का अवार्ड मनन कांडपाल को, बेस्ट विकेट कीपर का अवार्ड आयुष सिंह, बेस्ट बैट्समैन टूर्नामेंट लकी और फाइनल मैच का मैन आफ द मैच मोहम्मद हदीन को मिला। दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल कौशल एवं खेल भावना का प्रदर्शन करते हुए दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। मैच के स्कोरर एस पी सिंह, अंपायर मोहम्मद नदीम व कुलदीप सिन्हा थे। खेल के बाद पुरस्कार वितरण समारोह में अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी ज्ञानेंद्र पांडेय एवं उबैद कमाल ने विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को ट्राफी, पदक व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। टूर्नामेंट में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों को भी पुरस्कार व पदक दिए गए। क्रीड़ा परिषद के महासचिव प्रो. अजय आर्य ने सभी प्रतिभागियों, सहयोगियों एवं कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया।

AMAR UJALA

11 विद्यार्थियों ने पास की जीपैट परीक्षा

लखनऊ। लविवि में इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्युटिकल साइंसेज के 11 छात्रों ने ग्रेजुएट फार्मेसी एप्टीट्यूड टेस्ट (जीपैट) में सफलता पाई है। इसमें अमरेंद्र मौर्या, कृति सिंह, कबीर, शिवानी, अमृता सिंह, अंकिता, आकृति, प्रीति, दीपाली, अनिकेश सिंह बघेल और प्राची जायसवाल हैं। (संवाद)

HINDUSTAN

एलयू में छह पाठ्यक्रमों के नतीजे जारी

एलयू में 2025-26 विषम सेमेस्टर परीक्षा के तहत स्नातक व परास्नातक स्तर के छह पाठ्यक्रमों का परीक्षा परिणाम जारी कर दिया गया है। इसे विद्यार्थी एलयू की आधिकारिक वेबसाइट पर अपने अनुक्रमांक व जन्म तिथि के जरिए जाकर देख सकते हैं।

AMAR UJALA

लखनऊ विश्वविद्यालय को ओवरऑल ट्रॉफी

लखनऊ। लखनऊ पब्लिक कॉलेज ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज के तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव जीनियम इंटरनेशनल 8.0 का रंगारंग समापन हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पद्मश्री अनिल रस्तोगी एवं अभिनेत्री तूलिका बनर्जी ने विजयी खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। कॉलेज के संस्थापक सांसद डॉ. एसपी सिंह ने अतिथियों के साथ ओवरऑल चैंपियन लखनऊ विश्वविद्यालय को विजेता ट्रॉफी प्रदान की। तीन दिवसीय आयोजन में 50 से अधिक विश्वविद्यालय और कॉलेजों ने हिस्सा लिया। समापन समारोह में विजयी प्रतिभागियों को 500 पदक और 80 ट्रॉफियां प्रदान की गईं। साथ ही 1.50 लाख रुपये से अधिक की इनाम राशि भी वितरित की गई। रनरअप की ट्रॉफी श्रीराम स्वरूप विश्वविद्यालय को मिली। कार्यक्रम में संस्थान के जनरल मैनेजर शिखर पाल सिंह, निदेशिका डॉ. गरिमा सिंह, डीन प्रो. एलएस अवस्थी समेत अन्य उपस्थित रहें। (माई सिटी रिपोर्टर)

DAINIK JAGRAN

लवि : स्नातक सम सेमेस्टर परीक्षाएं 28 अप्रैल से

जासं • लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने स्नातक स्तर पर बी.ए. बी.एससी और बी.काम चौथे व छठे सेमेस्टर की परीक्षाओं के लिए प्रस्तावित समय सारिणी बुधवार को www.lkouniv.ac.in पर जारी कर दी है। यह परीक्षाएं 28 अप्रैल से शुरू होकर नौ जून तक संचालित की जाएंगी। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने प्रस्तावित समय सारिणी पर 13 अप्रैल को शाम पांच बजे तक इस पर coe@lkouniv.ac.in अथवा व्हाट्सअप नंबर 7991200506 सुझाव मांगे है। समय सारिणी के अनुसार बी.ए छठे सेमेस्टर की रेगुलर व इम्प्रूवमेंट की परीक्षाएं 28 अप्रैल से नौ जून तक होंगी। समय सुबह 8:30 बजे से 10 तक रहेगा। वहीं, चौथे सेमेस्टर की परीक्षाएं 28 अप्रैल से 25 मई दोपहर दो से 3:30 बजे संचालित होंगी। बी.काम एनईपी चौथे सेमेस्टर की परीक्षाएं 29 अप्रैल से 13 मई दोपहर दो से 3:30 बजे तक होगी, जबकि छठे सेमेस्टर की 30 अप्रैल से 12 मई तक होगी।

NBT

एलयू में अब वास्तुशास्त्र की भी होगी पढ़ाई

Zeeshan.Rayini
@timesofindia.com

लखनऊ: वास्तु के हिसाब से आपका घर कैसा हो, क्या बदलाव करने से गृहदशा ठीक हो सकती है इस सब की पढ़ाई भी अब लखनऊ विश्वविद्यालय में होने जा रही है। विवि के ज्योतिर्विज्ञान विभाग की ओर से अब इस साल से वास्तुशास्त्र की भी पढ़ाई करवाई जाएगी। इसके लिए दो साल का पीजी प्रोग्राम शुरू करने को मंजूरी दी गई है। इसके अलावा इसी विभाग में पीएचडी का भी पाठ्यक्रम शुरू किया जा रहा है। इसमें कर्मकांड और संस्कार के बारे में पढ़ाया जाएगा। ये दोनों ही पाठ्यक्रम एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं। अब तक यहां सिर्फ ज्योतिष का ही पाठ्यक्रम संचालित किया जाता था। पिछले कई साल से अधिक दाखिले होने के कारण अब इसके सेमेस्टरआधार कोर्स भी शुरू किए जा रहे हैं।

ज्योतिर्विज्ञान विभाग के डीन प्रो. श्यामनेश त्रिपाठी ने बताया कि 30-30 सीटों पर सीधे दाखिले देने ही कोर्स में 30 30 सीटें निर्धारित की गई है जिसे अकैडमिक काउंसिल में पास करा दिया गया है। आगामी प्रवेश प्रक्रिया में अगर आवेदन ज्यादा आएंगे तो 10-10 दाखिले और बढ़ाने पर विचार किया जाएगा। अधिक 40-40 दाखिले दोनों ही कोर्स में इस साल लिए जाएंगे।

फाल्गुन होटेल पर भी कोर्स

एडवीएस विभाग की ओर से इस साल से टेंट की सांस्कृतिक पर्यटनों पर पाठ्यक्रम की शुरुआत की जा रही है। इसके लिए विभाग की ओर से टूरिज्म रेट कल्चरल होटेलिन में वन इयर डिप्लोमा कोर्स शुरू किया जा रहा है। इसे करने के बाद टूरिज्म के क्षेत्र में काम किया जा सकेगा। इसके अलावा सोशियोलजी विभाग की ओर से नेचुरल रिसोर्सेज व गवर्नेंस पर पाठ्यक्रम शुरू होने जा रहा है। यह भी पीजी डिप्लोमा है जो एक साल का होगा, जिसमें इसी साल से दाखिले लिए जाएंगे।

अब लॉ में होगी 'NRI स्पॉन्सर्ड' सीट

एलएलबी की तीस सीटों पर लिए जाएंगे दाखिले

NBT रिपोर्ट, लखनऊ: लखनऊ विश्वविद्यालय में इस बार लॉ के दाखिलों में भी बड़ा बदलाव किया गया है। एलएलबी के दाखिलों में इस बार से NRI स्पॉन्सर्ड' सीट भी होगी। विवि प्रशासन की ओर से अब इसकी मंजूरी दे दी गई है। अब तक केवल नेशनल लॉ यूनिवर्सिटीज (NLUs) में ही इस कोटे के तहत छात्रों को दाखिल दिया जाता था। अब लखनऊ विश्वविद्यालय के पांच वर्षीय एलएलबी पाठ्यक्रम में एनआरआई कोटे के तहत दाखिला दिया जाएगा।

इस बार एलएलबी की सीटें बढ़ाई गई है। एनआरआई कोटे के तहत 30 सीटों पर दाखिले का अलग से प्रावधान किया गया है। हालांकि इस कोटे से दाखिले के लिए छात्रों को कई गुना ज्यादा फीस देनी होगी। इन सीटों के लिए छात्रों को 7,000 अमेरिकी डॉलर (6,46,254.35 रुपये) प्रति वर्ष फीस चुकानी होगी।

खास बात ये है कि इस कोटे के तहत दाखिला लेने वाले छात्र की फीस किसी एनआरआई की ओर से दी जाती है, जो सामान्य फीस से कई गुना ज्यादा होती है। विश्वविद्यालय प्रशासन का मानना है कि इस पहल से न केवल एलयू की वित्तीय स्थिति में सुधार होगा, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी लॉ फैकल्टी की पहचान हो सकेगी। वर्तमान में एलयू वित्तीय संकट से जूझ रहा है। ऐसे में इस कवायद से वित्तीय स्थिति को सुधारने की योजना तैयार की गई है।

28 से शुरू होंगी सेमेस्टर परीक्षाएं

NBT रिपोर्ट, लखनऊ: लखनऊ विश्वविद्यालय में 28 अप्रैल से यूजी की सेमेस्टर परीक्षाएं शुरू होने जा रही हैं। विवि की ओर से फाइनल सेमेस्टर परीक्षाओं का प्रस्तावित शेड्यूल बुधवार को जारी कर दिया गया। इसमें बीए की परीक्षाएं जहां 28 अप्रैल से शुरू हो रही है तो वहीं बीकॉम व बीएससी की परीक्षाओं की शुरुआत 29 अप्रैल से होगी। पीजी की परीक्षाएं मई में शुरू होंगी जिसका शेड्यूल जल्द ही विवि की ओर से जारी किया जाएगा।

विवि की ओर से जारी किया गया प्रस्तावित शेड्यूल, प्रतियोगी परीक्षा से डेट क्लैश होने की कर सकते हैं रिपोर्ट

बीएससी में पहली परीक्षा जियॉलजी की होगी तो बीकॉम में कॉर्पोरेट ऑडिट का पहला पेपर होगा। वहीं बीए में इकॉनमिक्स, ज्योतिर्विज्ञान लिंक्विस्टिक और पर्शियन की परीक्षा होगी। शुरुआत में छोटे पेपर रखे गए हैं। विवि की ओर से जारी नोटिस में कहा गया है कि प्रस्तावित शेड्यूल छात्र विवि की वेबसाइट https://www.lkouniv.ac.in/ पर देख सकते हैं। अगर किसी छात्र की परीक्षा मुख्य परीक्षाओं से क्लैश हो रही है तो 13 अप्रैल तक छात्र या कॉलेज विवि में इसकी सूचना दे सकते है। इसके परीक्षा की नियंत्रक की ईमेल आईडी coe@lkouniv.ac.in पर मेल करने के साथ ही परीक्षा कार्यालय के वाट्सऐप नंबर 7991200506 पर सूचना दी सकती है। विवि की ओर से उचित शिकायत पर संशोधन किया जाएगा। अगर कोई आपत्ति नहीं आती है यही परीक्षा कार्यक्रम अंतिम माना जाएगा।

NBT

एलयू के जिम रही जीनियम ट्रोफी

NBT रिपोर्ट, लखनऊ: लखनऊ पब्लिक कॉलेज ऑफ प्रफेशनल स्टडीज के तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव जीनियम इंटरनेशनल 8.0 का बुधवार को रंगारंग समापन हुआ। कॉलेज के संस्थापक सांसद डॉ. एसपी सिंह ने अतिथियों के साथ ओवर ऑल चैंपियन लखनऊ विश्वविद्यालय को जीनियम की ट्रोफी दी। तीन दिवसीय कार्यक्रम में 26 प्रतिस्पर्धाओं में 50 से अधिक विश्वविद्यालय और कॉलेजों ने हिस्सा लिया। सम्मापन समारोह में विजयी प्रतिभागियों को 500 पदक और 80 ट्रोफियां प्रदान की गईं। साथ ही 1.50 लाख रुपये से अधिक की इनाम राशि भी बांटी गई। रनर अप की ट्रॉफी श्रीराम स्वरूप विश्वविद्यालय के हाथ लगी। कार्यक्रम में अभिनेत्री तूलिका बनर्जी, संस्थान के जनरल मैनेजर शिखर पाल सिंह, निदेशिका डॉ. गरिमा सिंह, डीन प्रो. एलएस अवस्थी समेत अलग अलग संस्थानों के प्रतिभागी मौजूद रहे।

I NEXT

एलयू में सम सेमेस्टर एग्जाम 28 से शुरू

चौथे व छठे सेमेस्टर की प्रस्तावित समय सारिणी पर 13 अप्रैल तक दे सकते हैं सुझाव

LUCKNOW (8 APRIL): लखनऊ यूनिवर्सिटी ने यूजी स्तर पर बीए, बीएससी और बीकाम चौथे व छठे सेमेस्टर के एग्जाम के लिए प्रस्तावित समय सारिणी बुधवार को www.lkouniv.ac.in पर जारी कर दी है. एग्जाम 28 अप्रैल से 9 जून तक होंगे. परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने प्रस्तावित समय सारिणी पर 13 अप्रैल को शाम पांच बजे तक इस पर coe@lkouniv.ac.in अथवा व्हाट्सअप नंबर 7991200506 सुझाव मांगे हैं.

टाइमिंग पर एक नजर

जारी समय सारिणी के अनुसार बीए छठे सेमेस्टर (एनईपी) के रेगुलर व इम्प्रूवमेंट के एग्जाम 28 अप्रैल से 9 जून तक प्रस्तावित की गई हैं. इसका समय सुबह 8:30 बजे से सुबह 10 बजे तक रहेगा. वहीं, चौथे सेमेस्टर के एग्जाम 28 अप्रैल से 25 मई दोपहर दो से 3:30 बजे तक होंगे.

इसे भी जानें

इसी तरह बीकाम एनईपी (न्यू एंड ओल्ड) चौथे सेमेस्टर के एग्जाम 29 अप्रैल से 13 मई दोपहर दो से 3:30 बजे तक होंगे, जबकिछठे सेमेस्टर के एग्जाम 30 अप्रैल से 12 मई तक होंगे. इसका समय सुबह 8:30 बजे से 10 बजे तक रहेगा.

बीएससी छठे सेमेस्टर के एग्जाम

बीएससी छठे सेमेस्टर के एग्जाम 29 अप्रैल से 29 मई सुबह 8:30 बजे से 10 बजे तक आयोजित किए जाएंगे. इसके चौथे सेमेस्टर के एग्जाम 28 अप्रैल से 23 मई तक कराए जाएंगे. इन एग्जाम का समय दोपहर दो से 3:30 बजे तक रखा गया है.

जीपैट में एलयू के 11 स्टूडेंट्स सफल

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की ओर से एमएमर्ज एवं पीएचडी कोर्सों में एडमिशन के लिए राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित किए गए ग्रेजुएट फार्मेसी एप्टीट्यूड टेस्ट (जीपैट) में लखनऊ यूनिवर्सिटी के इंस्टीट्यूट आफ फार्मास्युटिकल साइंसेज के 11 स्टूडेंट्स ने सफलता हासिल की है. प्रवक्ता प्रोफेसर मुकुल श्रीवास्तव ने बताया कि अमरेंद्र मौर्या को अखिल भारतीय स्तर पर 281 रैंक, क्रति सिंह 349वीं रैंक और कबीर 605 रैंक पाने में सफल रहे. इसी तरह शिवानी मौर्या 713, अमृता सिंह 790, अंकिता यादव 1607, आकृति श्रीवास्तव 1993, प्रीति यादव 2589, दीपाली सिंह 2597, अनिकेश सिंह बघेल 3423 और प्राची जायसवाल को 4213वीं रैंक मिली है.

BREAKING NEWS
सिटी की ब्रेकिंग न्यूज से रहें रियल टाइम अपडेट

जुड़िए हमारे वाट्सएप चैनल से
Scan करें यह QR Code और Follow करें हमारा चैनल.

AAJ

लखनऊ विश्वविद्यालय के नाम रही जीनियम ट्रॉफी

लखनऊ। लखनऊ पब्लिक कॉलेज ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज के तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव जीनियम इंटरनेशनल 8.0 का रंगारंग समापन बुधवार को नयी आशाओं, उल्लास और उमंग के साथ हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर पद्मश्री अनिल रस्तोगी एवं अभिनेत्री तुलिका बनर्जी मौजूद रहीं। कॉलेज के संस्थापक सांसद डॉ. एसपी सिंह ने अतिथियों के साथ ओवर ऑल चैंपियन लखनऊ विश्वविद्यालय को जीनियम की ट्रॉफी प्रदान की। तीन दिवसीय इस कार्यक्रम में 26 प्रतिस्पर्धाओं में 50 से अधिक विश्वविद्यालय और कॉलेजों ने हिस्सा लिया। समापन समारोह में विजयी प्रतिभागियों को 500 पदक और 80 ट्रॉफियां प्रदान की गईं। साथ ही 1.50 लाख रुपये से अधिक की इनाम राशि भी वितरित की गई। रनर अप की ट्रॉफी श्रीराम स्वरूप विश्वविद्यालय के हाथ लगी। कार्यक्रम में संस्थान के जनरल मैनेजर शिखर पाल सिंह, निदेशिका डॉ गरिमा सिंह, डीन प्रो एलएस अवस्थी समेत विभिन्न संस्थानों के प्रतिभागी उपस्थित रहे।